# रुपए लेकर भर्ती करते हैं सर्वेयर, जांच की मांग

## रुपए न देने पर सुपरवाइजर ने कार्य से हटाया

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** सी.डब्ल्यू.सी.-2 वेयर हाउस, कृषि उपज मंडी परिसर नरसिंहपुर में गेंहू उपार्जन वर्ष 2025-26 के लिये समिति सर्वेयर एवं गोदाम सर्वेयर के पद पर कार्यरत रहे यशपाल सिंह व विनोद कुमार ने गत दिवस कलेक्टर नरसिंहपुर को आवेदन देकर सर्वेयर व गोदाम सर्वेयर की रुपये लेकर भर्ती किये जाने के मामले की जांच कर सुपरवायजर को निलंबित किये जाने की मांग की है।

कलेक्टर नरसिंहपुर को दिए आवेदन में यशपाल सिंह व विनोद कुमार ने बताया कि दिनांक 15.03.2025 में सुपरवाइजर ने आवेदकगण को उक्त पदों पर भर्ती किया था और भर्ती करने के एवज में 4-4 हजार रूपये एवं 2-2 हजार सेंटर च्वाइस के लिये थे। इसके बाद सुपरवाइजर ने अतिरिक्त 5-5 हजार रूपये की और डिमांड की। जिसे आवेदकगण ने मना किया तो सुपरवाइजर धमकी देते हुए कहने लगे कि और तुम जैसे 336 सर्वेयर मेरे अंडर में काम करते हैं। अब मैं बताऊंगा कि सुपरवाईजर का पॉवर क्या होता है। इस लाइन में तुम दोबारा आ ही नहीं पाओगे।



इसके बाद सुपरवाईजर ने आवेदकगण के खिलाफ डी.एम. साहब के यहां झूठी शिकायत कीं तब आवेदकगण ने सुपरवाईजर से कहा कि आपने हमारे खिलाफ जो भी शिकायत की है वह पूर्णतः झूठ व निराधार है आप इस संबंध में निष्पक्ष जांच कीजिये। किन्तु इसके बावजूद सुपरवाइजर ने बगैर किसी जांच किये आवेदकों को पद से हटा दिया और दूसरे सर्वेयर को नियुक्त कर लिया है।

आवेदकगण को ऐसी जानकारी मिली है कि इन्होंने नये सर्वेयरों से 5-5 हजार रूपया लेकर पद पर नियुक्त किये हैं, सुपरवाईजर जो कि गृह जिला के निवासी हैं जो पिछले तीन साल से नरसिहपुर जिले में पदस्थ हैं क्योंकि इनके छोटे भाई भोपाल में सर्वेयरों को उपलब्ध कराने वाली फर्म में उच्च पद पर पदस्थ है जिसका नाजायज फायदा उठाते हुए मनमाने तरीके से काम कर रहे हैं।

दोनों भाई नरसिंहपुर में सर्वेयरों की भर्ती करते हैं और कहते हैं कि ये पैसा ऊपर तक जाता है। यदि ये सुपरवाईजर नरसिंहपुर जिले में रहकर अपने पद का दुरूपयोग करते रहे और तो सर्वेयरों का इसी तरह शोषण होता रहेगा।

ऐसी स्थिति में ऐसी फर्म को ब्लेक लिस्ट करना चाहिये वर्ना इसी तरह शोषण होता रहेगा और अवैधानिक कार्य को बढ़ावा मिलता रहेगा। आवेदक ने ऐसे सुपरवाईजर के कार्यों की शीघ्र जांच कर तत्काल प्रभाव से निलंबत किये जाने की मांग की है।

# अवैध शराब प्रकरण में फरार ट्रक चालक और एक अन्य आरोपी गिरफ्तार

**गाडरवारा देशबन्धु।** 17अप्रैल 2025 को गोल्डन सिटी कालोनी गाडरवारा में ट्रक क्रमांक आरजे 19 जीजी 6377 के ट्राला में अवैध रूप से 618 पेटी अंग्रेजी शराब बैग पाइपर कीमती 5021440 रुपये मौके पर ट्राला सहित जप्त की गयी है। घटनास्थल पर एक ट्रेक्टर जिसका क्रमांक एमपी 49 एबी 1154 जिसमें सीमेंट की बोरियाँ भरी हुई है । जिनका उपयोग ट्राला में रखी हुई शराब की पेटियों को छुपाने में किया जा रहा था,जिन्हें घटना स्थल से जप्त किया गया है।



विवेचना के दौरान थाना गाडरवारा की पुलिस टीम द्वारा दिनांक 22 अपील 2025 को जाबरा जिला रतलाम से प्रकरण के आरोपी ट्राला क्रमांक आरजे 19जीजी6377 के मालिक एवं चालक प्रदीप कुमार पिता स्व.गोरधन राम उम्र 26 वर्ष निवासी वीरेन्द्र नगर थाना बायतू जिला बालोतरा राजस्थान तथा एक अन्य पुलिस टीम द्वारा जबलपुर से प्रकरण के अन्य संदेही नितेश पिता शमशेर बहादुर सिंह उर्फ शमशेर सिंह उम्र 31 साल निवासी वार्ड क्रमांक 09 नीम चौराहा बोदा बाग थाना महाविद्यालय रीवा को पुलिस अभिरक्षा में लिया गया। जिन्होंने भारी मात्रा में शराब के अवैध परिवहन संग्रह एवं व्यापार में संलिप्त होना स्वीकार किये। दोनों आरोपीगण को विधिवत गिरफ्तार कर ज्यूडीशियल रिमाँड पर माननीय न्यायालय प्रस्तुत किया गया।प्रकरण के अन्य आरोपीयो की तलाश की जा रहीं हैं।

## सार-समाचार

### नर्सरी से कक्षा 12वीं तक के संचालन में समय परिवर्तन, कलेक्टर ने जारी किया आदेश

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले ने जिले की समस्त शैक्षणिक संस्थाओं में संचालित नर्सरी से कक्षा 12 वीं तक का समय परिवर्तन किया है। नर्सरी से कक्षा 12 वीं तक के समस्त शैक्षणिक संचालन का समय प्रातः 7.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक नियत किया है। दो पालियों में संचालित होने वाले विद्यालयों का समय यथावत रहेगा। परीक्षायें यथावत संचालित की जावेगी और मूल्यांकन का कार्य यथावत समय पर सम्पादित होंगे। यह आदेश 21 अप्रैल से 30 अप्रैल तक प्रभावशील किया गया है। उल्लेखनीय है कि ग्रीष्म ऋतु के तापमान में वृद्धि होने के कारण नरसिंहपुर जिले के अंतर्गत संचालित सभी शासकीय, अशासकीय, सीबीएसई, नवोदय व अनुदान प्राप्त संबद्ध शालाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ने की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर ने यह आदेश जारी किया है।

### श्री सत्य साईं बाबा का आराधना महोत्सव आज

**गोटेगांव, देशबन्धु ।** श्री सत्य साईं सेवा समिति गोटेगांव द्वारा आज दिनांक 24 अप्रैल 2025, दिन गुरुवार को साईं बाबा के आराधना महोत्सव का भव्य आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर विभिन्न आध्यात्मिक कार्यक्रमों की श्रृंखला साईं परिसर में आयोजित की जाएगी।कार्यक्रम की शुरुआत प्रातः 5:30 बजे साईं परिसर से नगर संकीर्तन के साथ होगी, जिसमें बड़ी संख्या में साईं भक्त भाग लेंगे। इसके पश्चात सायं 5:30 बजे साईं परिसर में तीन भक्तिमय भजनों का आयोजन किया जाएगा। भजनों के उपरांत श्रद्धालुजन भगवान साईं बाबा के श्रीचरणों में पुष्पांजलि अर्पित करेंगे। कार्यक्रम का समापन महामंगल आरती, विभूति वितरण एवं नारायण सेवा के साथ होगा। समिति द्वारा विशेष अनुरोध किया गया है कि सभी भक्तजन नारायण सेवा हेतु अपनी सुविधा अनुसार फूड पैकेट साथ लेकर आएं तथा इस पुनीत सेवा कार्य में सहभागिता करें। समिति संयोजक ने सभी श्रद्धालुओं से अपील की है कि अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस आराधना महोत्सव को सफल बनाएं।

### पृथ्वी दिवस पर छात्र-छात्राओं ने बनाये आकर्षक चित्र

**गाडरवारा, देशबन्धु।** गत दिवस समीपी ग्राम सांगई की एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला मे छात्र छात्राओं ने विश्व पृथ्वी दिवस पर आकर्षक चित्रकारी की। इस मौक़े पर उन्होंने पृथ्वी के चित्र बनाकर उसमे आकर्षक रंग भरे एवं प्रदर्शन किया। प्रदर्शन के दौरान छात्रा लक्ष्मी केवट ने बताया कि पृथ्वी सौरमंडल का ग्रह है जिस पर हम सभी रहते है।



छात्र हंसराज केवट ने कहा कि धरती पर जीवन तभी सुरक्षित है ज़ब हम अधिक से अधिक पेड़ लगाएंगे। इस अवसर पर संस्था के माध्यमिक शिक्षक मधुसूदन पटैल ने छात्र छात्राओं को पृथ्वी दिवस मनाये जाने से जुडी जानकारी दी। पृथ्वी दिवस के आयोजन मे प्रधान पाठक दशरथ जाटव, सुरेश चौहान, विवेक नाईक, देवेंद्र ठाकुर, किरणलता ठाकुर, रानू यादव का योगदान सराहनीय रहा। चित्रकला मे अनीता केवट,बबली केवट तारा केवट सहित अन्य बच्चों ने सहभागिता की। उक्त आयोजन विद्यालय के इको क्लब द्वारा हुआ। आयोजन मे फ्लोरा वनस्पति एवं उसके क्यूआर कोड के बारे मे भी बताया गया।

# साहू समाज को लेकर अमर्यादित टिप्पणी पर कार्रवाई की मांग, सौंपा ज्ञापन

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** विगत दिवस 21 अप्रैल को पत्रकार राधे साहू व अन्य के द्वारा राष्ट्रीय राजमार्ग 44 खमतरा के पास अवैध पेड़ों की कटाई की सूचना पर वन विभाग व राजस्व विभाग द्वारा की गई कार्यवाही को लेकर समाचार कवरेज के पश्चात् रात्रि करीब साढ़े दस बजे राधे साहू के मोबाइल पर निजी अस्पताल संचालक हरभजन सिंह खनूजा (लकी) द्वारा अभद्रता करते हुए गाली गलौंच की इस दौरान हरभजन सिंह खनूजा द्वारा संपूर्ण साहू समाज को लेकर व्यक्तिगत तौर पर जातिगत रूप से समाज को अपमानित करने वाले शब्दों का प्रयोग किया गया इस बात को लेकर साहू समाज नरसिंहपुर द्वारा पुलिस अधीक्षक नरसिंहपुर के नाम अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया को ज्ञापन सौंप कार्यवाही की मांग की । ज्ञापन के माध्यम से बताया गया कि नरसिंहपुर जिले की जनसंख्या में साहू समाज (तेली) बहुसंख्यक तौर पर निवास करती है एवं समाजिक स्तर पर जनसहयोगी व विकासशीलता को प्रमुखता देता है व सर्वजन हिताय सर्वजन सुखाय की भावना से कार्य करता है।



बावजूद इसके हरभजन सिंह खनूजा जैसा व्यक्ति समाज के बारे में अमर्यादित टिप्पणी करता है जिसकी आडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है इससे समाज जनों की भावनाएँ आहत हुई हैं और समस्त समाज को मानसिक आघात पहुंचा है। सोशल मीडिया पर वायरल हो रहे आडियो को संज्ञान में लेते हुए साहू (तेली) समाज को अपमानित करने वाले हरभजन सिंह खनूजा पर विधि सम्मत कार्यवाही करने की मांग समाजजनों ने की ।

ज्ञापन सौंपने वालों में प्रमुख रूप से मनीष साहू, शांतनु साहू,चौधरी अशोक कुमार साहू, मोहनलाल साहू, मुंशी मनीष साहू, डॉक्टर सौरभ साहू, कमलेश साहू, संतोष साहू,पेठिया धनराज साहू,भैया लाल साहू बेनी प्रसाद साहू, गेंदालाल साहू, सुबोध साहू, शिक्षक संजय साहू, आनंद साहू, रामकृष्ण साहू, अखिलेश साहू, राजकुमार साहू सहित स्वजातीय बंधु उपस्थित रहे ।

# विधायक ने तहसील कार्यालय एवं कृषि उपज मंडी का किया औचक निरीक्षण



## सार्वजनिक प्याऊ का फीता काटकर किया शुभारंभ

**तेंदूखेड़ा, देशबन्धु।** विगत दिवस तेंदूखेड़ा विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल (मुलायम भैया) ने कृषि उपज मंडी तेंदूखेड़ा एवं तहसील कार्यालय तेंदूखेड़ा का औचक निरीक्षण किया जिसमें विधायक ने कृषि उपज मंडी को सुचारू ढंग से चलाने हेतु निर्देशित किया। साथ ही नगर परिषद तेंदूखेड़ा में विभिन्न जगहों पर सार्वजनिक प्याऊ का विधायक विश्वनाथ सिंह पटेल ने फीता काटकर शुभारंभ किया। उक्त अवसर पर तेंदूखेड़ा नगर परिषद अध्यक्ष विष्णु शर्मा, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि डालचंद पटेल, मंडल अध्यक्ष सोनू महाराज, शिवदयाल खेरोनिया, राजीव अग्रवाल, रामकुमार ठाकुर, लीलाधर कुशवाहा, गुड्डू ठाकुर सहित जनप्रतिनिधिगण मौजूद रहे।

# युवा कांग्रेस के संगठन संबंधी चुनाव निष्पक्ष रूप से होंगे



## युवा कांग्रेस निर्वाचन अधिकारी आशीष चौहान ने पत्रकारों से की चर्चा

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** युवा कांग्रेस हो या कांग्रेस के संगठन चुनाव हो कांग्रेस पार्टी ने पारदर्शिता से कार्य किया है और सभी कार्यकर्ता को आगे बढ़ने का अवसर दिया है। इस बार भी युवा कांग्रेस के संगठन संबंधी चुनाव निष्पक्ष रूप से होंगे। उक्त बात बीते दिवस जिला युवा कांग्रेस निर्वाचन अधिकारी आशीष चौहान ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही। श्री चौहान ने बताया कि राष्ट्रीय नेतृत्व ने मध्यप्रदेश में यूथ कांग्रेस चुनावों का ऐलान किया है। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष से लेकर विधानसभा अध्यक्ष तक का चुनाव चुनाव होगा। जिसमें स्टेट प्रेसिडेंट, स्टेट कमेटी, डिस्ट्रिक्ट कमेटी के सदस्य भी चुने जाएंगे। साथ ही विधानसभा कमेटी, ब्लॉक अध्यक्ष तक के चुनाव होंगे जिसमें निर्वाचन प्रक्रिया प्रारंभ हो चुकी है। इसके अंतर्गत19 अप्रैल से 25 अप्रैल तक कोऑर्डिनेटर जिलों का दौरा करेंगे, नॉमिनेशन 27 अप्रैल से 6 मई तक चलेंगे।दावे अप्पतियों ओर सुनवाई 28 अप्रैल से 7 मई तक होगी।नॉमिनेशन फॉर्म्स की स्क्रूटनी 7 मई से 11 मई तक चलेगी। साथ ही तय एज क्राइटेरिया के अनुसार 18 से 35 वर्ष के सदस्य किसी भी पद के लिए चुनाव लड़ सकते हैं।पिछले बार 2020 में हुए थे चुनावचुनाव में इन जिलो को एससी और एसटी वर्ग के लिए आरक्षित किया है। चुनाव के अभ्यार्ती की आयु 27/04/1990 से 26/04/2007 तक मान्य होंगे। एक सदस्य 6 वोट करंगे जिसमें प्रदेश अध्यक्ष ,प्रदेश महासचिव, जिला अध्यक्ष, जिला महासचिव, विधानसभा अध्यक्ष ,ब्लॉक अध्यक्ष सदस्यता और वोटिंग होगी। श्री चौहान ने युवा कांग्रेस की आगामी कार्यक्रमों की जानकारी दी। उक्त मौके पर युवक कांग्रेस के पदाधिकारी कार्यकर्ता बड़ी संख्या मौजूद थे।

# शैलेंद्र चौधरी ने बढ़ाया नरसिंहपुर जिले का गौरव

## यूपीएससी की परीक्षा में आल इंडिया 362वी रैंक प्राप्त की

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** आज घोषित यूपीएससी 2024 के परीक्षा परिणाम में नरसिंहपुर जिले को एक गौरवपूर्ण सफलता प्राप्त हुई है,नरसिंहपुर निवासी शैलेंद्र चौधरी पिता -इंजी.एम.के अहिरवार ने यूपीएससी परीक्षा 2024 में 362 वी ऑल इंडिया रैंक के साथ उत्तीर्ण कर आई. ए.एस.अधिकारी के रूप में चयनित होकर एक नया कीर्तिमान स्थापित करते हुए अपने परिवार व समाज का नाम रोशन किया है।



विदित हो कि शैलेंद्र चौधरी के पिताजी इंजी.एम.के अहिरवार म.प्र.अजाक्स जिला नरसिंहपुर के पूर्व जिला अध्यक्ष एवं वर्तमान संरक्षक हैं और नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण में सब इंजीनियर के पद पर कार्यरत रहते हुए जिले में विभिन्न सिंचाई एवं डेम परियोजनाओं के सफल क्रियान्वयन में विगत 25 वर्षों से अपनी सेवाएं दे रहे हैं साथ ही अपने पदेन दायित्वों के साथ कर्मचारी संघ का नेतृत्व करते हुए कर्मचारियों के हक अधिकारों के लिए संघर्ष करते हुए समाज सेवा के क्षेत्र में अतुलनीय योगदान प्रदान करते रहे हैं।

इस अभूतपूर्व उपलब्धि पर शैलेन्द्र जी एवं उनके पूरे परिवार को बंशीलाल अहिरवार जिलाध्यक्ष म.प्र.अजाक्स जिला नरसिंहपुर,मलखान मेहरा,जे एस धुर्वे,नन्दलाल अहिरवार, मानकलाल अहिरवार,धनीराम कोरी,रोहित जाटव,बीडी अहिरवार,विद्यासागर चौधरी,देवेंद्र पगारे, लालजी प्रसाद कपाड़िया,संजय दोहैया, यशपाल जाटव राजकुमार ठाकुर,संतोष अहिरवार कैलाश अहिरवार,परसराम अहिरवार सहित सभी शुभचिंतकों ने बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

# पहलगाम में मारे गए निर्दोष नागरिकों को मंडी प्रांगण में दी गई श्रद्धांजलि



**गाडरवारा देशबन्धु।** पहलगोव मे शहीद हुए निर्दोष भारतीय नागरिकों को, व्यापारियों, किसानों, मजदूरों एवं मंडी कर्मचारियों ने नीलामी के पूर्व श्रद्धांजलि दी। उन्होंने प्रधानमंत्री से मांग की सभी सुरछा बलों को देश मे छुपे एवं विदेशों मे छुपे सभी गद्दारों का सफाया करने खुली छूट दी जाये।

### नाम सुधार सूचना

मैं शिखा पटेल पति स्व.देवेंद्र पटेल जिला नरसिंहपुर की निवासी हूँ। मेरी पुत्री का जन्म 08.4.2008 को कामायनी मैटरनिटी एंड नर्सिंग होम नरसिंहपुर में हुआ था। नगर पालिका परिषद नरसिंहपुर से जो जन्म प्रमाण पत्र जारी हुआ है। उसमें मेरी पुत्री का नाम त्रुटिवश शिवांगी लोधी उर्फ वेदिका पिता देवेंद्र लोधी दर्ज हो गया है । उसमें सुधारकर वेदिका पटेल पिता देवेंद्र पटेल करवाना है। शिवांगी उर्फ वेदिका पटेल एक ही नाम है। भविष्य में मेरी पुत्री को वेदिका पटेल पिता देवेंद्र पटेल के नाम से ही जाना पहचाना और पढ़ा लिखा जावे। उक्त संशोधन कर प्रमाण पत्र में वेदिका पटेल पिता देवेंद्र पटेल के नाम से डिजिटल जन्म प्रमाण पत्र जारी किया जाए।

शिखा पटेल

# पत्रकार को धमकाने के आरोप में मामला दर्ज

**नरसिंहपुर, देशबन्धु।** वन विभाग और राजस्व की बगैर अनुमति के हरे भरे वृक्षों को काटने के मामले कवरेज करने गये पत्रकार के साथ निजी अस्पताल के संचालक ने गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी दी।

घटना गत दिवस 21 अप्रैल 2025 की है जब पत्रकारों को शाम करीब साढ़े पांच बजे सूचना मिली की खमतरा वायपास में राष्ट्रीय राजमार्ग किनारे लगी भूमि पर अवैध पेड़ों की कटाई हो रही है जिसपर कवरेज करने के लिये राधे साहू, संदीप दुबे व मनोज नोरिया मोके पर गये थे । वहाँ पर वन विभाग एवं राजस्व टीम के द्वारा हरभजन खनूजा के खेत में अवैध कटाई को लेकर कार्यवाही की जा रही थी जिसका कवरेज करके सभी पत्रकार अपने घर आ गये थे।

उसी रात करीबन 10 .24 बजे संदीप दुबे और मनोज नोरिया, राधे साहू घर के सामने टहल रहे थे उसी समय राधे साहू के मोबाईल नं. 9893958704 पर फोन आया और इमारती लकड़ी जानता है क्या ? यह कहते हुए राधे साहू को अभद्रता करते हुए गन्दी गन्दी गाली देकर, जिंदा गढ़ा देने धमकी दी गई । राधे साहू ने गाली बकने वाले की आवाज को पहचाना वह आवाज व उक्त नम्बर हरभजन खनूजा का था और उसकी आवाज थी।

बीती रात हुई इस घटना को लेकर नरसिंहपुर के पत्रकारों ने एक बैठक बुलाकर इसकी कड़े शब्दों में निंदा की। पत्रकारों ने अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संदीप भूरिया से मुलाकात कर मामले में सख्त कार्यवाही किये जाने की मांग की। इसके पूर्व सभी पत्रकार थाना कोतवाली पहुंचे जहां राधे साहू की शिकायत पर थाना कोतवाली, नरसिंहपुर में बीएनएस की धारा 296,351(2) के तहत हरभजन खनूजा ( लकी) के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।


मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

